## Railway services in Jalore Parliamentary Constituency

श्री लुम्बाराम चौधरी **(**जालौर**) :** सभापति महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र सिरोही-जालौर के सात लाख प्रवासी बाहर रहते हैं, विभिन्न शहरों में रहते हैं ।? (व्यवधान) मेरा आपसे निवेदन है कि गर्मी की छुट्टियों में स्पेशन ट्रेन्स चलायी जाएं । जिसमें बैंगलोर से जोधपुर, हैदराबाद से जोधपुर, कोयम्बटूर से जोधपुर और चेन्नई से जोधपुर ट्रेन चलायी जाए । ? (व्यवधान) मेरा निवेदन है कि भगत की कोठी से जो ट्रेन पूर्व में चालू थी, उसी को पुन: चालू किया जाए ।

सभापति महोदया, देश की आजादी के 75 साल बाद भी मेरे लोक सभा क्षेत्र सिरोही जिला हेडक्वार्टर से जुड़ा हुआ नहीं है । ? (व्यवधान) उसे जोड़ने के लिए सरकार के द्वारा सब तरह से कार्य किए जाएं ।? (व्यवधान)